भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *50

जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बजटीय आवंटन में कटौती किया जाना

*50. श्री संभाजी छत्रपती :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 2021-22 के दौरान परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय में कटौती किए जाने से वर्तमान में चल रही अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रभावित होने की संभावना है;

(ख) यदि हाँ, तो उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनके प्रभावित होने की संभावना है; और

(ग) सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कि बजटीय आवंटन में कटौती के कारण वर्तमान में चल रही परियोजनाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) से (ग) सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है ।

******

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

"परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए बजटीय आबंटन में कटौती किया जाना" के संबंध में श्री संभाजी छत्रपती द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *50, जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2021 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) जी, नहीं । वर्ष 2021-22 के दौरान पूंजीगत व्यय के लिए डीएई द्वारा प्रस्तावित बजट रूपए 17,796.24 करोड़ था और पूंजीगत व्यय के लिए अनुमोदित बजट आंकलन 2021-22 रूपए 11,403.20 करोड़ है । यह रूपए 6393.04 करोड़ कम है । तथापि, यह ध्यान में लाया जाता है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण, वर्ष 2021-22 के पूर्वार्द्ध तक परियोजना स्थलों पर स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है । अतः विभिन्न चालू परियोजनाओं की प्रगति पर कोई बड़ा विपरीत प्रभाव प्रत्याशित नहीं है ।

(ख) उपरोक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर लागू नहीं ।

(ग) वर्ष 2021-22 के दौरान निधि की कोई अतिरिक्त आवश्यकता अनुमानित नहीं की गई है । अतिरिक्त निधियों की आवश्यकता वाली परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता और पूर्णता स्थिति की समीक्षा कर परियोजनाओं के बीच पुनःआबंटन किया जाएगा ।

******